कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

रामदुलारी अग्रवाल निवासी 71/275 के0वी0 संख्या 05 के पास, मानसरोवर, जयपुर जिला जयपुर राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 44/2021

निर्णय दिनांक 10.08.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा जिला दौसा द्वारा आवेदक को वांछित सूचना/नकल जरिये पत्र कमांकःपेंशन/2021–22/264 दिनांक 14.7.2021 से प्रेषित की जा चुकी है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा